वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 16 | सोमवार 15 मई 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबास इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

### उपराष्ट्रपति ने नागौर के मेड़ता सिटी में किया स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा का अनावरण

# ग्रामीण किसान युवाओं में बढ़ती नशाखोरी तथा कानून उल्लंघन की प्रवृत्ति चिंताजनक: उपराष्ट्रपति



**जयपुर. कासं।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने ग्रामीण किसान युवाओं में बढ़ती नशाखोरी और क्षणिक सरल लाभ के लिए कानून के उल्लंघन की प्रवृत्ति पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए आगाह किया कि कानून के साथ खिलवाड़ करना न सिर्फ उनके लिए मंहगा पड़ेगा बल्कि ग्रामीण किसान समुदाय को भी बदनाम करेगा। उन्होंने कहा कि कानून से ऊपर कोई नहीं होता, देर सबेर कानून का शिकंजा अवश्य कसेगा। उपराष्ट्रपति रविवार को नागौर के मेड़ता सिटी में स्वर्गीय नाथूराम मिर्धा की प्रतिमा के अनावरण के अवसर पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने भारत के आर्थिक विकास में कृषि के महत्व की चर्चा करते हुए कहा कि विश्व में भारत की आर्थिक प्रगति का डंका किसानों के पसीने के कारण ही बज रहा है। कृषि, ग्रामीण विकास और सरकारी योजनाओं का लाभ किसानों का अधिकार है। धनखड़ ने किसान युवाओं से कृषि और ग्रामीण विकास के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि किसान कौम के लिए आरक्षण की लड़ाई कठिन थी जिसमें स्वयं उनका भी योगदान रहा लेकिन आज उसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं। कुछ वर्गों द्वारा पुराने ट्रैक्टरों को हटाए जाने का विरोध किए जाने का उल्लेख करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि किसानो ने सदैव परिवर्तन को आगे बढ़ कर अपनाया है। हमें चाहिए कि आज दुनिया में जो हो रहा है हम उससे भी आगे बढ़ें। उन्होंने कृषि आयोग के अध्यक्ष के रूप में नाथूराम मिर्धा के योगदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने सर छोटूराम, किसान केसरी बलदेव मिर्धा और चौधरी चरण सिंह के सपनों को साकार करने का कार्य किया। इस अवसर की तुलना उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेने के अवसर से की। उपराष्ट्रपति ने कहा कि वे नाथूराम मिर्धा के स्वप्न को पूरा करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। इस अवसर पर कृषि मंत्री लालचंद कटारिया, पूर्व विधायक रिछपाल मिर्धा तथा नागौर की पूर्व सांसद सुज्योति मिर्धा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

## राज्यपाल ने सांगानेर एयरपोर्ट पर उपराष्ट्रपति की अगवानी की



**जयपुर. कासं।** राज्यपाल कलराज मिश्र ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के सपत्नीक राजस्थान प्रवास पर पहुंचने पर रविवार को सांगानेर एयरपोर्ट पर उनकी भावभीनी अगवानी की। राज्यपाल ने उपराष्ट्रपति धनखड़ और उनकी धर्मपत्नी सुदेश धनखड़ का स्वागत किया।

## मुख्यमंत्री से मिले प्रदेशभर से आए ऑटो रिक्शा एवं ई-रिक्शा चालक प्रतिनिधिमण्डल के सदस्य




### पहली बार मुख्यमंत्री निवास पहुंचे ऑटो एवं ई-रिक्शा चालक

**जयपुर. कासं।** रविवार को प्रदेशभर से आए राजस्थान ई एवं ऑटो रिक्शा महासंघ के सदस्यों का प्रतिनिधिमण्डल मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुख्यमंत्री निवास पर मिला। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार वंचित वर्गों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी बीमा योजना के माध्यम से 25 लाख रुपए तक का निःशुल्क इलाज दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री चिरंजीवी दुर्घटना बीमा योजना में 10 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा दिया जा रहा है। गिग वर्कर्स के हितों की रक्षा करने एवं उन्हें शोषण से बचाने हेतु गिग वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड की स्थापना की गई है। इसके लिए 200 करोड़ का बजट भी मंजूर किया गया है। इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 50 हजार रूपए तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध करवाया जा रहा है।



# श्री आदिनाथ मित्र मंडल जैन ने किए मानसरोवर के मंदिरों के दर्शन

## श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर एसएफएस राजावत फार्म मानसरोवर में की शांतिधारा

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री आदिनाथ मित्र मंडल के सदस्यो ने मंत्री राजेंद्र बाकलीवाल के नेतृत्व में मानसरोवर के मंदिरों के दर्शन किए तथा एस एफ जैन मंदिर राजावत फार्म में अभिषेक व शांति धारा की। कोषाध्यक्ष मुकेश जैन ने बताया कि कार्यक्रम में सुनील जैन, साकेत जैन, अनिल जैन, राकेश गोदिका, अशोक सेठी, राजेंद्र बाकलीवाल उपस्थित रहे। एस एफ जैन मंदिर के मंत्री सोभाग मल जैन ने बयाया कि आज की शांतिधारा के पुण्यार्जक श्री आदिनाथ जी मित्र मंडल जयपुर के द्वारा सुनील - रेनू , राजेंद्र - निधि ,साकेत- सोनिया, मुकेश- सुनीता, अनिल - चित्रा , ज्योतिषाचार्य विनोद शास्त्री अशोक सेठी, राकेश- समता गोदीका थे। वेदी के दूसरी तरफ राजेंद्र- मंजू जैन, अशोक- मंजू बाकलीवाल ने शांति धारा की। राकेश गोदिका ने बताया कि सर्वप्रथम प्रात 5.30 बजे वरुण पथ जैन मंदिर तत्पश्चात हीरा पथ, मीरा मार्ग आदिनाथ मंदिर, थड़ी मार्केट पार्श्वनाथ मंदिर, चोमू बाग सांगानेर तथा आदिनाथ जैन मंदिर संघी जी सांगानेर के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया।



# ऐतिहासिक नाटक तीर्थंकर नेमिनाथ वह नारायण श्री कृष्ण का सशक्त मंचन

## ऐतिहासिक नाटक तीर्थंकर नेमिनाथ वह नारायण श्री कृष्ण का सशक्त मंचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रंगशिल्प संस्था और महिला जागृति संघ की कलाकारों ने अपने अभिनय कि अमिट छाप से नाटक तीर्थंकर नेमिनाथ व नारायण श्री कृष्ण को जीवंत कर दिया ' नाटक का लेखन शशी जैन एवं निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी राजेंद्र शर्मा राजू ने किया। नाटक जैन धर्म के तीर्थंकर नेमिनाथ की कहानी पर आधारित था। **कथासारः** नेमिनाथ एवं श्री कृष्ण चचेरे भाई हैं, तीर्थंकर पद पाने वाले दूसरे नारायण श्री कृष्ण हैं, साथ ही भावी तीर्थंकर बनने वाले नेमिनाथ जब शादी



के लिए जा रहे थे तभी उन्हें पशुओं की चित्कार और क्रंदन ने इतना दुखी किया कि उन्होंने शादी नहीं कर वैराग्य धारण की बात मन में ठान ली, जब राज्य में इस बात का पता चलता है तो हाहाकार मच जाता है, धरती आकाश भी गुंजायमान होते हैं, उधर जब राजमती को इस बात का पता चलता है की उनके भावी पति नेमिनाथ वैराग्य धारण कर रहे हैं, तो वह भी उन्हीं के पद चिन्हों पर चलकर वैराग्य धारण करती है और राज सुख का त्याग कर धर्म की राह पर चलती है। नाटक में सभी पात्रों ने अपने अभिनय से पात्रों को जीवंत कर दर्शकों से वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अशोक लाहोटी ने किया मुख्य अतिथि सुधांशु कासलीवाल, अध्यक्षता महेश चांदवड और मनोज चांदवाड और विशिष्ट अतिथि महिंद्र पाटनी एवं ज्ञानचंद झंझरी ने कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित किया और कलाकारों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया ।

# जनकपुरी में ग्रीष्म कालीन धार्मिक शिक्षण शिविर प्रारम्भ

## श्रमण संस्कृति संस्थान की विदुषियाँ बनी शिक्षिकाएं, शिविर में स्वाध्याय व संस्कार दोनों एक साथ, शिविर में आये छोटे बड़े 105 विद्यार्थी




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जैन पाठशाला जनकपुरी में इस वर्ष का ग्रीष्म कालीन धार्मिक शिक्षण शिविर दिनांक 14/05/23 रविवार से संयम भवन श्री दिगंबर जैन मन्दिर जनकपुरी ज्योति नगर में प्रारम्भ हुआ जिसमें हर वर्ष की भाँति धर्म के बारे में प्राथमिक अध्यापन के साथ विद्यार्थियों को सुसंस्कारित किया जाता है। शिविर में पहली बार संस्थान की चार विदुषियाँ सुश्री सेजल, दीपाली, अंशिका व पूर्वा जैन अध्यापन कार्य करायेंगी ।शिविर में प० अजीत शास्त्री अतिथि शिक्षक तथा डी के जैन अतिथि के रूप में पधारें। मंगलाचरण महिला मण्डल की अध्यक्षा शकुंतला बिंदायक्या दीप प्रज्वलन जे के जैन मयंक जैन परिवार ने किया। मन्दिर समिति अध्यक्ष व पाठशाला के मुख्य




संयोजक पदम जैन बिलाला ने सभी अतिथियों का परिचय देते हुए शाब्दिक स्वागत अभिनंदन किया तथा पाठशाला का संक्षिप्त विवरण बताया। पाठशाला के संयोजक सुरेश शाह राजेंद्र ठोलिया प्रबंध समिति के देवेंद्र कासलीवाल सोभाग अजमेरा महेश काला मिश्री लाल धन कुमार महावीर प्रसाद नवीन सेठी सहित पाठशाला के तारा चंद गोधा ज्ञान चंद सुशीला कोठारी इन्दु पापड़ीवाल निकिता साखूनिया युवा मंच के अमित शाह नीरज जैन आदि ने सभी का तिलक माला पहनाकर स्वागत किया ।आज शिविर में बाल संस्कार भाग -१ व भाग -२ , सिद्धांत प्रवेशिका भाग-१ तथा द्वादश वर्षीय पाठ्यक्रम की क्लास लगी जिसमे बालकों से बड़े तक 105 विद्यार्थियों ने अध्ययन किया ।शिविर श्री दिगंबर जैन महिला समिति राजस्थान आँचल की शीला डोड्या वन्दना जैन विनीता जैन आदि के सहयोग से लगाये जा रहे है ।दिनांक 15 मई से नित्य प्रातः 8.30 बजे क्लास लगेगी ।

# दिगम्बर जैन मंदिर नेमीनाथ जी (सांवला जी) आमेर में 1008श्री आदिनाथ जी की प्रतिमा विराजमान की गई



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जयपुर के नजदीक दिगम्बर जैन मंदिर नेमीनाथ जी ( सांवला जी )आमेर में श्री 1008श्री आदिनाथ जी भगवान की पदमासन नवीन प्रतिमाजी को विधि विधान पूर्वक विराजमान किया गया। क्षेत्र के मानद् मंत्री महेन्द्र कुमार जैन पाटनी ने बताया कि प्रतिमा जी पुण्यार्जक सुधांशु कासलीवाल एवं परिवार द्वारा पं०श्री निर्मल कुमार जी बोहरा के निर्देशन में अभिषेक, शांतिधारा करने के उपरांत श्री महावीर विधान पूजा कर विधि विधान पूर्वक श्री जी को वेदी में विराजमान किया। इस अवसर पर क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल, संयुक्त सुभाषचन्द जैन, संयुक्त मंत्री उमरावमल संघी, कोषाध्यक्ष विवेक काला, सदस्य प्रदीप कुमार जैन, रुपिन काला, सुधीर कुमार कासलीवाल, सहित, क्षेत्र की अन्य मंदिरान समिति के सदस्य योगेश टोडरका, डॉ राजेन्द्र कुमार जैन, प्रदीप ठोलिया, राकेश छाबड़ा, प्रसिद्ध वास्तुविद राजकुमार कोठ्यारी, भारत-भूषण अजमेरा सहित काफी संख्या में धर्मावलम्बी उपस्थित थे।

# शक्ति नगर से गोपाल जी का रास्ता तक पद यात्रा का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री चंद्रप्रभु पल्लीवाल दिगंबर जैन मंदिर, शक्तिनगर से श्री महावीर भगवान दिगंबर जैन मंदिर कालाडेरा, गोपाल जी का रास्ता,जयपुर के लिए निकाली गई पैदल यात्रा। प्रातः 5:00 जैन पैदल यात्रा संघ, जयपुर के सानिध्य में पैदल यात्रा श्री पल्लीवाल दिगंबर जैन मंदिर, शक्तिनगर से श्री महावीर भगवान दिगंबर जैन मंदिर, कालाडेरा, गोपाल जी का रास्ता ,जयपुर के लिए रवाना हुई ।इस यात्रा के दौरान पैदल यात्रियों ने रास्ते में आने वाले मंदिरों श्री महावीर भगवान मंदिर, टोंक फाटक, श्री पारसनाथ जैन मंदिर, गणेश मार्ग, बापू नगर व श्री आदिनाथ भगवान जैन मंदिर, चौड़ा रास्ता के भी दर्शन किए। उपरोक्त पैदल यात्रा प्रातः 8:30 श्री महावीर भगवान दिगंबर जैन मंदिर कालाडेरा, गोपाल जी का रास्ता, जयपुर पहुंची। मंदिर पहुंचकर सभी पद यात्रियों ने जिनेंद्र भगवान की प्रतिमाओं के दर्शन किए तथा अभिषेक व का भी लाभ लिया ।उसके उपरांत पद यात्रियों द्वारा महावीर भगवान व पंच परमेष्ठी की आरती, महावीर भगवान चालीसा, णमोकार मंत्र का जाप व भक्ति कार्यक्रम आदि का आयोजन किया गया। मंदिर का इतिहास, जिनेंद्र भगवान की प्राचीन प्रतिमाएं व दीवार पर सोने की नक्काशी का कार्य देखकर सभी पदयात्री प्रफुल्लित व भावविभोर हो गए ।नाश्ता प्रसादी लेकर प्रातः 10:30 बजे बस के माध्यम से पैदल यात्रा वहां से रवाना होकर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच कर इस यात्रा का समापन जय जिनेंद्र के अभिवादन के साथ किया गया।

## वेद ज्ञान

### सरल जीवन...

आज सबसे दुर्लभ सरलता है। घर में या घर के बाहर कहीं भी चैन नहीं है। दिनों दिन मनुष्य की कठिनाइयां बढ़ती जा रही हैं। मनुष्य के चारों और विषमताओं और बाधाओं का भयावह जंगल उगता जा रहा है। भले ही वह किसी कोने में चुपचाप बैठा हो, फिर भी चिंतामुक्त नहीं है। प्रगति की कामना ने मनुष्य को इतना उद्वेलित कर दिया है कि उसे दिन के घंटे और सप्ताह के दिन कम लगने लगे हैं। निश्चय ही मनुष्य में असीम ऊर्जा और भरपूर बुद्धि है। प्रश्न इसके सदुपयोग का है। मनुष्य ने अपने विकास के जो मानदंड स्थापित किए हैं, वे सीधे तौर पर भौतिकता और पदार्थों से जुड़े हुए हैं। इन उपलब्धियों का कोई अंत नहीं है। मनुष्य इन्हें प्राप्त करने के लिए कोई भी रास्ता चुनने से नहीं हिचकता। मनुष्य समस्त प्रणियों में सर्वश्रेष्ठ है। धैर्य, संतोष, दया, उदारता, परोपकार, प्रेम और सहजता जैसे गुण उसे अन्य जीवों से भिन्न बनाते हैं। ये गुण आज दुर्लभ होते जा रहे हैं। जितना इन गुणों का अभाव है मनुष्य उतना ही पशुवत है। इसी कारण विषमताएं उत्पन्न हुई हैं। मनुष्य अधीर, असहज, कठोर और स्वार्थी बन गया है। उसकी जीवन-शैली उसका सबसे बड़ा संकट है। आज इतने तरह के भोजन हैं कि हैरान रह जाना पड़ता है।1मनुष्य का खासा समय और धन खाने में ही लग रहा है। कभी रहने के लिए छत की आवश्यकता महसूस की गई थी, लेकिन अब यह सबसे खर्चीली आवश्यकता बन गई है। पहनने और सजने की कोई सीमा नहीं है। जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नहीं दिखता जिसकी कला न विकसित हो गई हो और जिसके विशेषज्ञ मौजूद न हों। क्या विशेषज्ञता रहित जीवन संभव नहीं है? जब यह विशेषज्ञता नहीं थी, जीवन तब भी था। लोग सुखी थे। किसी काल और जीवन को उपलब्धियां नहीं विचार और मूल्य श्रेष्ठ बनाते हैं। आज साधन हैं, किंतु विचार शून्यता है। जीवन सुरुचिपूर्ण हो, स्वादिष्ट व सादा भोजन, रहने का यथोचित स्थान, पहनने को समुचित वस्त्र होने चाहिए। आवश्यकता से अधिक अर्जित करना दुखों का बड़ा कारण है। जिसके पास अधिक है उसे भी चिंता है और जिसके पास आवश्यकता से कम है वह भी चिंतित है। सरलता और सुगम्यता संतुलन में है। यह संतुलन मन से बनाना पड़ता है।

## संपादकीय

# स्कूली शिक्षा के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड यानी सीबीएसई के तहत इस साल हुई दसवीं और बारहवीं की परीक्षाओं के नतीजे घोषित होने के साथ एक बार फिर इसके आधार पर स्कूली शिक्षा के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा स्वाभाविक ही है। गौरतलब है कि इस बार दसवीं कक्षा के नतीजों में 93.12 फीसद और बारहवीं में 87.33 फीसद विद्यार्थियों ने कामयाबी हासिल की है। पिछले कई सालों की तरह इस साल फिर दोनों ही कक्षाओं में लड़कों के मुकाबले लड़कियों ने बेहतर प्रदर्शन किया। दसवीं में लड़कियों की सफलता का प्रतिशत 94.25 रहा, जबकि लड़कों की तादाद इससे करीब दो फीसद कम रही। दूसरी ओर, बारहवीं के नतीजों में लड़कियों की उपलब्धि लड़कों के सामने छह फीसद ज्यादा अच्छी रही। इस कक्षा में 84.67 फीसद लड़के सफल रहे, जबकि 90.68 फीसद लड़कियों ने बाजी मारी। स्वाभाविक ही इन नतीजों के बाद अब इससे आगे के सफर के लिए कामयाब हुए विद्यार्थी नया रास्ता तलाशेंगे और अब तक हासिल दक्षता और ज्ञान के जरिए नई ऊंचाई की ओर बढ़ेंगे।



लेकिन साथ ही इन परिणामों ने समाज से लेकर सरकार तक के लिए कुछ अन्य समस्याओं पर गौर करने का मौका भी मुहैया कराया है। दरअसल, इस साल बारहवीं कक्षा के नतीजों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई, वहीं दसवीं के परिणाम का भी यही रुख रहा। बारहवीं में इस बार पिछले साल के मुकाबले 5.38 फीसद कम विद्यार्थी कामयाब हुए, जबकि दसवीं में यह गिरावट 1.28 फीसद रही। दसवीं में कम विद्यार्थियों के पास होने के आंकड़े को अगर बड़ा न भी मानें तो बारहवीं में लगभग साढ़े पांच फीसद की कमी चिंता का कारण होना चाहिए। हालांकि पहले के मुकाबले कमतर नतीजे किसी भी रूप में स्वागतयोग्य नहीं माने जाते, आंकड़े या अनुपात में अंतर चाहे जो हो। यह स्थिति तब रही जब पिछले करीब डेढ़-दो सालों से स्कूली पढ़ाई के मामले में अब सहजता आ गई है और कक्षाएं नियमित तौर पर चलने लगी हैं। सवाल है कि स्कूलों में पठन-पाठन के माहौल से लेकर गुणवत्ता में वे क्या कमियां रहीं, जिनका असर इन दोनों कक्षाओं के नतीजों पर पड़ा? क्या कक्षाओं में शिक्षण गतिविधियों और उनकी गुणवत्ता के मामले में प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रह पाया? या फिर विद्यार्थियों की मेहनत और परीक्षा में उनके प्रदर्शन के मामले में कम से कम पहले का स्तर भी बना नहीं रह पाया? गौरतलब है कि कोरोना महामारी और उसकी वजह से लागू हुई पूर्णबंदी में स्कूलों में नियमित पढ़ाई काफी समय तक बंद रही, जिसका विद्यार्थियों पर काफी हद तक नकारात्मक असर पड़ा था। ज्यादातर विद्यार्थियों के सामने घर में ही रह कर पढ़ाई करने या आनलाइन कक्षाओं के जरिए पढ़ने की मजबूरी थी। संसाधनों और सुविधाओं के अभाव में कई विद्यार्थियों को मुश्किलें पेश आईं। वैसी स्थिति का असर निश्चित रूप से कई विद्यार्थियों के कोमल मन-मस्तिष्क पड़ा होगा। इससे उबरने में शायद वक्त लगे। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# अव्यवस्था और आंदोलन

कुश्ती महासंघ में यौन उत्पीड़न को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच यह चिंताजनक तथ्य उजागर हुआ कि तीस में से पंद्रह खेल महासंघों में व्यवस्थित आंतरिक शिकायत समिति नहीं है। कुश्ती महासंघ समेत पांच खेल महासंघों में आंतरिक शिकायत समिति गठित ही नहीं है। कुछ खेल संघों में समिति तो है, पर उनमें कोई कोई योग्य सदस्य नहीं है। कुछ में कोई बाहरी सदस्य नहीं है। इस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने खेल संघों से जवाब तलब किया है। यौन उत्पीड़न कानून के तहत हर संस्थान में आंतरिक शिकायत समिति का गठन अनिवार्य है। विशाखा कानून के तहत यह प्रावधान इसलिए किया गया था कि अगर किसी संस्थान में किसी महिला के यौन उत्पीड़न का प्रयास किया जाता है, तो वह उस समिति के पास अपनी शिकायत दर्ज करा सके। उस समिति को अधिकार दिए गए हैं कि वह दोषी व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई कर सके। इस व्यवस्था की वजह से संस्थानों, निजी कंपनियों आदि में महिलाओं के साथ पुरुषों के व्यवहार में बदलाव भी देखा गया। कई मामलों में दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की गई। कइयों को अपनी नौकरी तक गंवानी पड़ी। मगर हमारे देश में संस्थानों का स्वरूप भी हमारे समाज की तरह का ही है, इसलिए वहां भी पुरुष मानसिकता आड़े आती है। खेल महासंघों में आंतरिक शिकायत समिति गठित न किए जाने के पीछे भी यही मानसिकता काम करती देखी जा सकती है। इन समितियों में संस्थान के भीतर के कुछ ऐसे कर्मचारियों को सदस्य बनाया जाता है, जो यौन उत्पीड़न को रोकने में मददगार साबित हो सकते हैं। उनमें महिला कर्मचारियों को तरजीह दी जाती है। फिर कानून में यह भी प्रावधान किया गया है कि उन समितियों में कुछ योग्य बाहरी लोगों को भी सदस्य बनाया जाना चाहिए। ऐसा इसलिए कि संस्थानों के भीतर किसी प्रकार के पक्षपात आदि के चलते शिकायतकर्ता को अन्याय का शिकार न होना पड़े। मगर इन नियमों का पूरी तरह पालन करना तो दूर, कई संस्थान आंतरिक समिति गठित करने की अनिवार्यता को ही धता बताते नजर आते हैं। इसके पीछे का मकसद जाहिर है। न समिति रहेगी, न कोई महिला शिकायत दर्ज कराएगी। फिर यह भी किसी से छिपी बात नहीं है कि कार्यालयों में अपने खिलाफ होने वाले दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर महिलाएं अदालत का रुख करने में हिचकती हैं। हालांकि जिन संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया भी गया है, उनमें से बहुतों में पक्षपात की शिकायतें मिलती हैं। चूंकि समिति में उसी संस्थान के कर्मचारी सदस्य होते हैं, इसलिए उनमें किसी एक के प्रति झुकाव स्वाभाविक है। फिर ये समितियां समझा-बुझा कर दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने का प्रयास करती हैं। इस तरह मामला तो दब जाता है, पर प्रवृत्ति नहीं खत्म हो पाती। पर इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि आंतरिक शिकायत समिति होने से कमाचारियों पर एक मनोवैज्ञानिक दबाव काम करता है। अगर कुश्ती महासंघ में सशक्त आंतरिक शिकायत समिति गठित होती, तो महिला खिलाड़ियों को शायद इस तरह अपने उत्पीड़न की पीड़ा को सिसक-सिसक कर सहन न करना पड़ता। उन्हें अपने प्रति हुए दुर्व्यवहार की शिकायत लेकर सड़क पर न उतरना पड़ता। वह समिति मामले को कानूनी ढंग से निपटाने का प्रयास करती। देखने की बात है कि खेल महासंघ राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सवाल पर क्या जवाब देते और इस मसले पर कितनी गंभीरता दिखाते हैं।

# जयपुर की 55 फिट मॉम्स हुई सम्मानित





## 28 मई को होगा थोर द हीरो ऑफ रनिंग का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मदर्स डे का दिन जयपुर रनरस की टीम ने अनूठे तरीके से फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली का सन्देश देते हुए मनाया , सबसे पहले सुबह छह बजे जवाहर सर्किल पर बूट कैंप लगाया गया जहाँ जयपुर रनर्स की फिट मदर्स रनरस ने कोच दिनेश चोधरी और महेश दिवेदी के निर्देशन में जमकर पसीना बहाया जिसके बाद , शहर की 55 फिट मॉम्स को इ एच सी सी हॉस्पिटल में इएच सी सी हॉस्पिटल की डोक्टर रिचा वैष्णव , जयपुर रनर्स क्लब के को फाउंडर मुकेश मिश्रा, रवि गोयनका, विष्णु टांक और अलादीन ग्रुप के इरफान ने सम्मानित किया साथ ही 28 मई को थोर द हीरो ऑफ रनिंग इवेंट के आयोजन की घोषणा की। जयपुर रनर्स क्लब के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीन तिजारिया ने बताया कि इस अवसर पर इ एच सी सी हॉस्पिटल की डोक्टर रिचा वैष्णव ने फिटनेस टिप्स देते कहा की महिलाएं अपनी सेहत पर सबसे कम ध्यान देती है लेकिन उनके फिट रहने से ही पूरा देश ,समाज और परिवार चलेगा इसलिए जरूरी है की चालीस की उम्र पार करने के बाद वो अपना नियमित टेस्ट कराये साथ ही वाक हो या रन या फिर योग जरूर करें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी फिट मॉम्स ने बताया कि वे फिटनेस को अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मानती हैं जो उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूती प्रदान करता है। कार्यकम में ज्योति नेगी, रचना विजय,मोनिका चौधरी, रेखा विजय,पूनम गर्ग, प्रिया सुरोलिया,नीतिका चौधरी, सुधा खंडेलवाल, भावना पारीक , कुमुद कुशवाहा,सीमा छाबड़ा,रितिका ,प्रवीण मककर, डॉ पूजा प्रेम कसेरा,ऋचा माथुर,सारिका बत्रा,अभिलाषा हवेर, कंचन जांगिड़, रश्मि, भारती लखुजा, नूपुर, निधि शर्मा, जगजीत कौर, निक्की शर्मा, शिल्पी दुआ, नीरू नरूला,प्रीति शर्मा, किरण मेहता, चंद्रकांत विजय, सुमेधा वाजपेयी, मनीषा शर्मा, परमजीत कौर, शिप्रा ओझा, नीलम सिंह, बेअंत कौर, उर्मिला देव, वंदना शर्मा, डॉक्टर मुग्धा चड्ढा, निशा शर्मा, मीनाक्षी अग्रवाल, माया सैन, सोनिका शर्मा, उषा गुप्ता, रश्मि कुलश्रेष्ठ, नीतू जैन, श्वेता सोगानी, पूनम विजय, शिल्पा अजमेरा, किरणजीत, रोशी तांबी गुप्ता, सुनीता विजय, पूजा गुप्ता, रचना जिंटा, पूनम सैनी, समृद्धि धमीजा वाधवा, क्रांति को सुपर फिट मोम के अवार्ड से सम्मानित किया गया ।

# महावीर इंटरनेशनल युवा द्वारा शीतल जल मंदिर का शुभारंभ किया गया



**कुचामन. शाबाश इंडिया**

सबकी सेवा सबको प्यार के उद्देश्य से संचालित संस्था महावीर इंटरनेशनल युवा केंद्र द्वारा भीषण गर्मी से आमजन को राहत पहुंचाने के लिए अहिंसा सर्किल डीडवाना रोड पर शीतल जल मंदिर का शुभारंभ किया गया।युवा केंद्र के सचिव विकास पाटनी ने बताया की अरिकास कंस्ट्रक्शन के दुल्लाराम कड़वासरा, अजीत कड़वासरा के सौजन्य से प्रति वर्ष अहिंसा सर्किल पर प्याऊ संचालित किया जाता है। इस कार्यक्रम में संस्था के जोन सचिव सुभाष पहाड़िया, अध्यक्ष रामावतार गोयल, युवा केंद्र अध्यक्ष आनन्द आशा सेठी, पारस नेहा पहाड़िया, सोनम काला, शुभम पहाड़िया, पवन गट्टानी, मनीष अजमेरा, अभिषेक गौरव पाटनी, सुभाष पावड़िया, प्रियांशु डोसी, ऋषभ झांझरी, उपस्थित रहे। पार्षद सुभाष पावड़िया ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करी। मनीष अजमेरा ने सम्पूर्ण व्यवस्था की जिम्मेदारी ली।

# आचार्य अतिवीर मुनिराज का सोनीपत में हुआ भव्य स्वागत



**सोनीपत. शाबाश इंडिया**

प्रशममूर्ति आचार्य श्री 108 शान्तिसागर जी महाराज (छाणी) परम्परा के प्रमुख संत प. पू. आचार्य श्री 108 अतिवीर मुनिराज का हरियाणा की पुण्यधरा धर्मनगरी सोनीपत में रविवार को प्रथम बार भव्य मंगल प्रवेश हुआ। इस अवसर पर समस्त नगर में हर्षोल्लास का माहौल बना हुआ था। पूज्य आचार्य श्री का बैंड-बाजे, भजन मंडली व विशाल जनसमुदाय के साथ श्री शान्तिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर, मण्डी, सोनीपत पहुंचने पर समस्त समाज द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मार्ग में जगह-जगह प्रमुख समाजसेवी, मार्केट एसोसिएशन, जैनेत्तर समाज व गुरुभक्तों ने पाद प्रक्षालन व मंगल आरती करते हुए पूज्य आचार्य श्री का मंगल आशीर्वाद प्राप्त किया. आचार्य श्री ने कहा कि सोनीपत जैन समाज की सेवा, समर्पण व भक्ति देखकर मन बहुत प्रसन्न है। उल्लेखनीय है कि आचार्य श्री के पावन सान्निध्य में अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का मंगल आयोजन सोनीपत में होने जा रहा है जिसके सभी समाजजन बढ़ चढ़ कर तैयारियों में जुटे हुए हैं. 14 मई को भक्तामर अनुष्ठान, 18 मई को श्री शान्तिनाथ महामण्डल विधान तथा 20 मई से श्री कल्पद्रुम महामण्डल विधान का विशाल आयोजन किया जाएगा।




# भारतीयों ने पूरे विश्व में देश का नाम रोशन किया है: वीरेन्द्र शर्मा

**भारतीय संस्कृति और राष्ट्र गान की गूंज लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में, 15 देशों से आये प्रतिनिधि लंदन की पार्लियामेंट में पहली बार हुई हनुमान चालीसा। पहले भारतीय मूल के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक के 43वे जन्मदिन का केक काटकर ब्रिटिश पार्लियामेंट में किया सेलिब्रेशन, देश-विदेश की 31 हस्तियों का हुआ सम्मान**

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में 15 देशों के इण्डियन और विश्व पटल पर भारत का नाम रोशन करने वाली प्रतिभायें एक जगह एकत्रित हुई।इस अवसर पर ''भारत गौरव'' अवार्ड से प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया, तो ब्रिटिश पार्लियामेंट का डाइनिंग हॉल जोरदार तालियों से गूंज उठा। भारतीयों ने पुरे विश्व में देश का नाम रोशन किया है। जब देश को आजादी मिली थी तो किसी ने सोचा भी नहीं था कि एक दिन विश्व पटल पर भारतीय इस प्रकार अपनी पहचान बनायेगें। आज सभी क्षेत्र में भारतीय लोग अपनी अग्रणी भूमिका निभा रहे है और पूरे विश्व में भारतीयों की धाक बढ रही है।यह विचार संस्कृति युवा संस्था की ओर से लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस ऑफ कामन्स में ''भारत गौरव'' द हाईएस्ट इंटरनेशनल अवार्ड ऑफइण्डियन अवार्ड समारोह में लंदन (यूके.) में लगातार पांच बार के सांसद डॉ. वीरेन्द्र शर्मा ने समारोह को सम्बोधित करते हुये कहे।संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने इस अवसर पर कहा कि यह समारोह सात समंदर पार आकर हम जब यह आयोजित करते हैं तो हमारा सिर गर्व से ऊंचा होता है कि हमारे देश की प्रतिभाये विदेशों में देश का नाम रोशन कर रही है। मिश्रा ने बताया कि अब तक पूर्व के वर्षों में आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर, फिल्म स्टार मनोज कुमार, नोबेल प्राइज विजेता कैलाश सत्यार्थी, विश्व




की सबसे प्रभावशाली महिला इन्द्रा नूई, जैन संत पुलक सागर, लोकेश मुनी, प्रसन्न सागर, मेजर ध्यानचंद, जी-मेल के आविष्कार शिवा अय्यादुराई, निरजा भनोत सहित लगभग 400 अप्रवासी भारतीयों को पिछले 9 वर्षों में सम्मानित किया जा चुका है। इस अवसर पर लंदन (यू.के.) की हाउस ऑफ लॉडर्स चैयरमेन ऑफ यूरोपियन एक्ट्रनल अफेयर्स कमेटी, मिनिस्टर ऑफ एनर्जी क्लाईमेट डवलपमेंट यू.के. श्रीमती बेरोनीस वर्मा ने कहा है कि हमें तय करना है कि हम अपने देश की माटी से इस प्रकार जुड़े रहें की हमारा अपनापन और भारतीयता लगातार आगे बढे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि लंदन के मेयर सुनील चोपड़ा ने कहा है कि संस्कृति का ये 10वां आयोजन है और संस्कृति ने जयपुर मैराथन और सामाजिक जन आंदोलन और सामाजिक संचेतना का जो कार्य हाथ में ले रखा है वो अनवृत इसी प्रकार आगे बढ़ता रहेगा। इस अवसर पर मेहंदीपुर बालाजी के महंत नरेश पुरी महाराज ने कहा कि अब भारतीय पूरे विश्व में अपनी धाक जमा रहे है। अब जब हम लंदन की ब्रिटिश पार्लियामेंट में अपने तिरंगे के नीचे खड़े होकर सम्मानित होते है तो निश्चित रूप से अपने आपको गौरवान्वित महसूस करते है। इस अवसर पर गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ. चिन्मय पंड्या ने संबोधित करते हुए कहा की इस भारत गौरव सम्मान समारोह के माध्यम से ऐसी प्रतिभाओं को सामने लाया गया है जिन्होने की पूरे विश्व भर में अपनी एक अलग पहचान बनाकर देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने संस्कृति युवा संस्था की गतिविधियों की भूरी-भूरी प्रशंसा की साथ ही भारत गौरव अवार्डीज को बधाई भी दी। कार्यक्रम के प्रारम्भ में घाटा मेहंदीपुर बालाजी के महंत नरेश पुरी जी महाराज ने कार्यक्रम की शुरूआत हनुमान चालीसा से की और हनुमान चालीसा की चौपाइयां ब्रिटिश पार्लियामेंट में गुंजायमान होने लगी और देश विदेश की प्रतिभाओं ने एक साथ हनुमान चालीसा का पाठ किया।यह अपने आप में एक विश्व रिकॉर्ड बना कि लंदन की पार्लियामेंट में भी हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। इस अवसर पर अमेरिका में संस्कृति युवा संस्था के संरक्षक कमलेश मेहता ने स्वागत भाषण दिया और अतिथियों का स्वागत प्रदेशाध्यक्ष गौरव धामाणी, नीलम मिश्रा, पंकज हर्ष, आलोक शर्मा, संस्कृति मिश्रा ने किया। समारोह के पश्चात पहलीबार यूनाईटेड किंगडम के प्रधानमंत्री बने श्री ऋषि सुनक 43वां जन्म दिन लंदन की पार्लियामेंट बड़े ही धूमधाम से संस्कृति युवा संस्था द्वारा केक काटकर मनाया गया। समारोह का सफल संचालन सौम्यता मिश्रा ने किया।

# लोक अदालत में सुलझे मामले 1 करोड़ 90 लाख से अधिक की अवार्ड राशि पारित



**रावतसर. शाबाश इंडिया।** यह न्यायपालिका की दूरगामी सोच का ही परिणाम है जो लोक अदालत की अवधारणा वास्तविक धरातल पर सफलतापूर्वक फलीभूत हो रही है। आपसी समन्वय एवं समझाइश के द्वारा राजीनामा के आधार पर मामले निस्तारित होने के चलते अदालतों में मुकदमों की संख्या में कमी आई है। इससे एक ओर जहां प्रत्येक पीड़ित को समय पर कानूनी उपचार मिल रहा है वहीं दूसरी तरफ लोक अदालत में निपटे प्रकरणों के पक्षकारों के मध्य भाईचारा भी कायम है। आपसी समन्वय, सहनशीलता व समझाईश समय पर मिले तो वाद विवाद सरलता से निपटाए जा सकते है। इससे व्यक्ति के धन एवं समय की बचत भी होती है। लोक अदालत ऐसा ही एक माध्यम है जहां छोटे-मोटे मामले बातचीत के आधार पर निस्तारित करवाए जा सकते हैं। यह बात अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रचना बिस्सा ने विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में कही। लोक अदालत को लेकर तालुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष एसीजेएम बिस्सा ने एसीजेएम व जेएम न्यायालय द्वारा रेफर मामले,राजस्व विवाद एवं प्री लिटिगेशन के प्रकरणों में समझाइश की। लोक अदालत में दीवानी प्रकृति के वाद, दाण्डिक शमनीय मामले, चेक अनादरण के मामले, पारिवारिक विवाद व प्री लिटिगेशन के 149 मामले निस्तारित किए गए। इनमें 1 करोड़ 90 लाख 73 हजार 891 रुपए की अवार्ड राशि पारित की गई। इस दौरान नायब तहसीलदार पतराम गोदारा, बार अध्यक्ष पवन पारीक, अधिवक्ता एम.एल.शर्मा,बैंच सदस्य अर्जनलाल वर्मा, बलराम कस्वां,उमेश शर्मा,सुनील धारीवाल, सुरेन्द्र हुड्डा, अनिल सिहाग,संतलाल बिजारणिया, विक्रम चौधरी, लिच्छिराम छिम्पा, उमाशंकर गौड़, राजशेखर,पृथ्वीराज देहडू,रीडर नोरंगलाल काला, हरिचंद लावा, सुरेन्द्र गुलेरिया सहित न्यायिक कर्मचारी, अधिवक्ता व पक्षकारान मौजूद रहे।

# गौ सेवा सदगुरु गोशाला गणपतपूरा मानसरोवर में आयोजित




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा आयोजित गौ सेवा कार्यक्रम सदगुरु गोशाला गणपतपूरा मानसरोवर जयपुर मे रविवार को किया गया ' परिषद के अध्यक्ष अशोक बिंदायका व महामंत्री पारस जैन बोहरा ने बताया की गौ शाला मे गायों को परिषद के सदस्यों द्वारा हरा चारा, चारा, हरी सब्जियां,आदि गायों को खिलाया गया कार्यक्रम मे पुष्पेंद्र भारद्वाज, राजीव जैन सतीश कासलीवाल जयप्रकाश, शेखर रतन सोगानी, दौलत स्नेहलता गंगवाल, रवि रेणु गोदिका , अमित ,मोना रवि दीवान, रुचि मनीष, सुमित एकता, विष्णु रूपम, ज्ञानेश मणि, रमेश शकुंतला,राहुल निकिता सोगानी,मुकेश , सुश्री गरिमा, मनोज अंजू , राजेश सुभा जैन, महावीर आशा बाकलीवाल,अमित बाकलीवाल, लक्ष्मी, मिताली, लक्ष्य, अक्षित जैन,कामिनी जैन निखिल जैन, आदि सदस्य गौ सेवा कार्यक्रम मे उपस्थित थे ' कार्यक्रम के बाद सभी सदस्यों को अल्पाहार दिया गया। अल्पाहार के पुण्यर्जक परिवार श्री दौलत जी स्नेहलता गंगवाल थे। अंत मे महामंत्री पारस जैन बोहरा ने सभी गणमान्य अतिथि सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### जीव दया कार्यक्रम के तहत

# जैन सोशल ग्रुप में निरीह पक्षियों के लिए की चुग्गा एवं परिंडा व्यवस्था



**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया।** जीव दया कार्यक्रमों की श्रृंखला मे आज पक्षी मित्र अभियान के तहत दिगंबर जैन सोशल ग्रुप गंगापुर सिटी द्वारा दिगंबर जैन मंदिर नसियां जी प्रांगण भीषण गर्मी के मौसम में निरीह पक्षियों के लिए चुग्गा व्यवस्था एवं पीने के पानी हेतु परिंडा व्यवस्था की गई। इस अवसर पर ग्रुप पदाधिकारीयों सदस्य परिवारों द्वारा 2 दर्जन से अधिक परिंडे पेड़ों की डालियों पर बांधकर उनमें नियमित रूप से साफ सफाई करने एवं पानी भरने का संकल्प लिया गया। दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा संचालित चुग्गा दानपात्र में नियमित रूप से चुग्गा व्यवस्था के लिए ग्रुप के सदस्यों के सहयोग से धनराशि भी एकत्रित की गई। कार्यक्रम के संयोजक अशोक जैन पांड्या एवं अध्यक्ष विमल जैन गोधा ने बताया कि सन 2011 से दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा नसिया जी में पक्षियों के लिए नियमित रूप से चुग्गा व्यवस्था की जा रही है। इसमें ग्रुप सदस्य परिवारों के साथ साथ जैन समाज व अन्य जीव प्रेमी महानुभावों के बहुमूल्य सहयोग से यह कार्य निर्विघ्न संपन्न हो रहा है। इस अवसर पर ग्रुप के महामंत्री डॉ मनोज जैन एवं रीजन उपाध्यक्ष नरेंद्र जैन नृपत्या ने कहा कि जैन धर्म एवं महावीर भगवान के सिद्धांत अहिंसा परमो धर्म व परसप्रग्रहो जीवानाम्‌ का मूल मंत्र हमें सभी जीवो की रक्षा के लिए सद कार्य करने का, सम व्यवहार रखने का संदेश देता है। इस पृथ्वी के हर जीव के प्रति करुणा का भाव रखते हुए दया भाव रखना चाहिए।



# योगाभ्यास प्रशिक्षण शिविर प्रारम्भ

**अशोकनगर. शाबाश इंडिया**

स्वयं स्वस्थ बनो अभियान द्वारा वर्धमान विद्यालय में आयोजित दस दिवसीय योगाभ्यास प्रशिक्षण एवं प्राकृतिक जीवन जागृति शिविर का शनिवार को दीप प्रज्वलित कर शुभारम्भ किया गया। संस्था के संरक्षक सुभाष जैन कैंची बीड़ी एवं चेयरमेन गोलु रतरा ने बताया कि इस शिविर के दौरान योग विशेषज्ञ एवं प्राकृतिक चिकित्सक डॉ.गीता जैन मुम्बई एवं प्रशिक्षण सहयोगी दीपक जानी द्वारा 13 मई से लगातार दस दिनों तक योग साधना एवं प्राकृतिक जीवन जीने की कला सिखाई जाएगी। प्रथम दिन योग के बारे में प्रारम्भिक जानकारी देने के साथ-साथ शरीर के जोड़ों के लिए लाभकारी मेरेडियन एक्सरसाइज कराई गई। शिविर में सभी आयु वर्ग के सहसाधक भाग ले रहें है। ज्ञातव्य है कि डॉ. गीता जैन पूरे भारत वर्ष में योग शिविरों के माध्यम से लोगो को जागृत कर स्वस्थ रहने की कला सिखा रही है। आपके साथ दीपक जानी आसन करके बताते है। अशोकनगर में सन 2002 से योग शिविरों का आयोजन हो रहा है।






## आचार्य पुलक सागर का अवतरण दिवस मनाया





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पुलक सागर जी गुरुदेव के अवतरण दिवस पर मानसरोवर पुलक मंच महिला जागृति मंच द्वारा तीन दिवसीय बहुत ही सुंदर आयोजन रखा गया, मंच की अध्यक्षा सरला पाटनी ने बताया कि 9 अप्रेल को गौशाला में जाकर गायों को हरा चारा एवं तरबूज खिलाया गया 10 तारीख को 45 गरीब परिवारों को अन्न वितरण व10 तारीख शाम को शांति नगर शाखा के साथ भक्तामर रिद्धि मंत्र जिसमें 48 मांडने सहित बहुत भक्ति पूर्वक किया गया एवं 11 तारीख को थड़ी मार्केट विद्या वसु पाठशाला परिवार एवं बच्चों के साथ 53 दीपक से गुरुदेव की आरती सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए बाद में सभी बच्चों को गिफ्ट एवं ड्राई फ्रूट्स के पैकेट बांटे गए।

## स्कूली शिक्षा के सकारात्मक और नकारात्मक पहलुओं पर चर्चा

@... पेज 4 पर

### आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# फोटोग्राफी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा

## लेकसिटी कैमरा क्लब की साधारण बैठक संपन्न



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** फोटोग्राफी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस विषय पर चर्चा और इसके प्रभाव तथा परिणाम को लेकर रविवार सुबह बापू बाजार स्थित रामा स्टूडियो पर लेकसिटी कैमरा क्लब की साधारण बैठक हुई। इसमें पहले सत्र में क्लब की युवा प्रतिभाशाली सदस्या भूमिका बोलिया ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के तकनीकी पक्ष को रेखांकित किया वहीं दूसरे सत्र में सौरभ पटवारी ने फोटोग्राफी और वीडियो एडिटिंग में एआई सॉफ्टवेयर/फीचर्स से आए चमत्कारी बदलाव पर लाइव डेमो दिया। इनके साथ क्लब के वरिष्ठ सदस्य के एस सरदलिया ने भी एआई के उपयोग की तकनीक और फोटोग्राफी की बदलती भावी तस्वीर को सदस्यों संग साझा किया। सदस्यों ने आपसी विमर्श में अगले माह के बाद मौसम की अनुकूलता देखकर ग्रामीण क्षेत्र में फोटोग्राफी टूर करने का तय किया। अंत में मानद सदस्य और पूर्व प्रशासनिक अधिकारी दिनेश कोठारी ने आज के मेंटर्स का आभार जताया। कैमरा क्लब की इस मीटिंग में उक्त सदस्यों के अलावा सर्वश्री सुरेश पालीवाल, देवेंद्र श्रीमाली, राकेश शर्मा 'राजदीप', अजय अग्रवाल, धीरज/संयम बिलौची, प्रमोद सोनी, ऋषभ जैन और लोकेश तलेसरा भी उपस्थित थे। **रिपोर्टः राकेश शर्मा 'राजदीप'**






# धार्मिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन महासमिति श्रमण संस्कृति संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर राधा निकुंज मानसरोवर के द्वितीय संभाग द्वारा दिनांक 14 मई रविवार 2023 को धार्मिक शिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर का उद्घाटन कमलेश सुनीता आकाश जैन के द्वारा किया गया । चित्र अनावरण सत्येंद्र पाटनी मीना पाटनी के द्वारा किया गया एवं दीप प्रज्वलन सूर्य प्रकाश मंजू देवी एवं उनकी पुत्रवधू मोनिका के द्वारा किया गया। इस समारोह में महासमिति द्वितीय की अध्यक्ष नीना गदिया मंत्री अनिला बासखो भी उपस्थित थी। पाठशाला प्रभारी तरुण शाह, आयोजक दिनेश जैन, इकाई की अध्यक्ष यामिनी जैन, संयोजिका टीना जैन ,अनीता शाह व सुनीता चांदवड के द्वारा कार्यक्रम को संचालित किया गया । कार्यक्रम में पाठशाला की अध्यापिका सुलभा जैन सुलोचना जैन भी उपस्थित थी संभाग की महामंत्री अनिला ने बताया हमारा उद्देश्य बच्चों में धार्मिक शिक्षा के बीज प्रवृत्त करना है और धर्म के प्रति जागरूक करना है समारोह के अन्त में सुनील बासखो चारित्र व श्रध्दा की और से सभी अतिथि वह विद्यार्थियों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था की गई । कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का पाठशाला प्रभारी द्वारा धन्यवाद दिया गया।

श्री दिलीप जैन-श्रीमती प्रमिला जैन

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य



की वैवाहिक वर्षगांठ (15 मई) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं






शुभेच्छु

**अध्यक्षः** राकेश-समता गोदिका,
**संरक्षकः** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शकः** दिनेश-संगीता गंगवाल
**कार्याध्यक्षः** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिवः** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्षः** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

## यूनिराज अलुमिनी फेडरेशन और ईटरनल हार्ट हॉस्पिटल द्वारा आयोजित विश्व मातृत्व दिवस में विभिन्न क्षेत्र की नामचीन माताओं को सम्मानित किया



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

विश्व मातृत्व दिवस के उपलक्ष्य में राजधानी जयपुर में एक राज्य स्तरीय उत्सव आयोजित किया गया। उत्सव का आयोजन यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान की हाल ही में गठित एलुमिनी फेडरेशन और मेडिकल सुविधाओ में अग्रणी ईटरनल हार्ट हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम का संयोजन यूनीराज एलुमिनी फेडरेशन की अलका चौधरी, डॉ प्रतिभा शर्मा, बसंत जैन, आलोक गुप्ता, अनिल गोयल और नितिन शारदा भगेरिया द्वारा




किया गया। कार्यक्रम में हॉस्पिटल की डा रिचा मित्तल, डा निशु गौड़ ने महिलाओं की मातृत्व आयु में खान पान एवम किडनी संबंधित रोग पर परामर्श दिया एवम मौजूद सैकड़ों माताओं के सवालों के जवाब दिए। मुख्य अतिथि राजसिको चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेस राजनेता राजीव अरोड़ा ने अंगदान के बारे में बात करते हुए राजस्थान सरकार की स्वास्थ्य नीतियों एवम अंगदान और स्वास्थ्य संबंधित राज्य सरकार की नीतियों का विस्तृत ब्योरा दिया। राजीव अरोड़ा जो की यूनीराज एलुमिनी फेडरेशन के फाउंडर चेयरमैन भी है ने अन्य फाउंडर सदस्य आलोक गुप्ता और नितिन शारदा भगेरिया की उपस्थिति में ईटरनल हॉस्पिटल के साथ एक एम ओ यू भी किया जिसमे यूनीराज फेडरेशन के सभी सदस्यों को हॉस्पिटल से विशेष डिस्काउंट का करार किया गया। कार्यक्रम में कुल 31 माताओं को विशिष्ट उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान पाने वाली माताओं में डा प्रमिला संजय, पूनम खंगारोत, निर्मला राव, रिद्धि मिगलानी, नीलू कुमत जैसी उद्यमी एवम सामाजिक कार्यकर्ता प्रमुख रही। कार्यक्रम के अंत में आलोक गुप्ता ने सभी अतिथियों और संयोजक को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## शक्ति नगर में श्रवण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री 1008श्री चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन पल्लीवाल मन्दिर, शक्ति नगर गोपालपुरा बाई पास जयपुर में श्रवण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का उदघाटन प्रकाश सेठी ने दीप प्रज्वलन कर शिविर का विधिवत शुभारंभ किया। शिविर 14 से 25 तक सुवह 7.30बजे से 8.30 तक मंदिर प्रांगण में चल रहा है सभी धर्म प्रेमी बंधुओ से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में बच्चों को भेज कर शिविर का लाभ लेवें। इस मौके पर अध्यक्ष शिखर चन्द जैन, मंत्री पारस जैन गहनौली एवं योगेश जैन एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। संयोजिका श्रीमती सुनीता अजमेरा, पूजा जैन ,अंकिता विलाला ,नेहा पाटनी है। प्रकाश सेठी बच्चों को संस्कार के बारे में बताया। मंत्री पारस जैन गहनौली ने बताया कि जिस रूठ पर तीन या अधिक बच्चे हो तो लाने लेजाने के लिए साधन (रिक्सा) उपलब्ध कराया जाएगा।

## सूत्रधार कार्यशाला में युवा सीख रहे मंच संचालन की बारीकियां



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के तत्वावधान में जारी सात दिवसीय सूत्रधार कार्यशाला में रविवार को युवा प्रतिभागियों ने मंच संचालन के विभिन्न आयामों की बारीकियां सीखी। बागोर की हवेली में चल रही सूत्रधार कार्यशाला के प्रथम सत्र में राजस्थान की सुप्रसिद्ध मंच सूत्रधार जयपुर निवासी डॉ. ज्योति जोशी ने एक अच्छे उद्घोषक के व्यक्तित्व और प्रभावी मंच संचालन पर प्रकाश डाला। दूसरे सत्र में रेडियो सिटी के प्रोग्राम डायरेक्टर और रेडियो जोकी रजत मेघवानी ने आवाज का महत्त्व और प्रभाव पर अपने अनुभव साझा किए। दोनों ही विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों से ऑन स्पॉट प्रैक्टिस सेशन भी कराया। सांस्कृतिक केन्द्र निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने बताया कि इसी क्रम में सोमवार को एम एस विश्व विद्यालय बड़ौदा के डॉ.त्रिलोक सिंह मेहरा शास्त्रीय नृत्यों और संगीत के कार्यक्रमों के संचालन और चुनौतियों पर व्याख्यान देंगे वहीं दूसरे सत्र में कार्यक्रम अधिकारी विलास जानवे मंच संचालन में सांस के उतार चढ़ाव और आवाज संतुलन पर अभ्यास कराएंगे।

रिपोर्ट: राकेश शर्मा 'राजदीप'




# पहली बार विदुषियों द्वारा दिए जाएंगे धार्मिक संस्कार

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

## 11 दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्थान शिक्षण शिविर आज 15 मई से, 50 से अधिक जैन मंदिरों में लगेंगे शिविर। शिविर के बहुरंगीय पोस्टर का हुआ विमोचन

श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान के अन्तर्गत संचालित संत सुधासागर बालिका महाविद्यालय एवं श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति राजस्थान अंचल एवं संयुक्त महिला संभाग के तत्वावधान में संस्थान के 26 वर्षों की संपूर्ति के अवसर पर 11 दिवसीय श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। रविवार को शिविर के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन एक सादा समारोह में किया गया। मुख्य संयोजक उत्तम चन्द पाटनी, शालिनी बाकलीवाल एवं विनिता बोहरा ने संवाददाताओं को संबोधित करते हुए बताया कि ग्रीष्म अवकाश में आयोजित इन धार्मिक संस्कार शिक्षण शिविरों के माध्यम से जयपुर शहर के 50 मंदिरों सहित पूरे प्रदेश के विभिन्न शहरों के दिगम्बर जैन मंदिरों में धर्म प्रभावना की जाएगी। अधिष्ठात्री शीला डोड्या एवं निदेशिका डॉ वन्दना जैन ने बताया कि पहली बार इन शिक्षण शिविरों में संत सुधासागर बालिका महाविद्यालय की विदुषियों द्वारा बच्चों, युवाओं, महिलाओं एवं पुरुषों सहित हजारों श्रावकों को अध्ययन एवं ज्ञान के माध्यम से संस्कारित किया जाएगा। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर महाराज के आशीर्वाद एवं मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज की प्रेरणा से इन शिविरों के माध्यम से श्रावकों में संस्कारों का शंखनाद किया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन के दौरान संस्कार शिक्षण शिविर के बहुरंगीय पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर उत्तम चन्द पाटनी, सुरेश कासलीवाल, दर्शन बाकलीवाल, विनोद जैन कोटखावदा, शालिनी बाकलीवाल,विनिता बोहरा सहित अन्य गणमान्य श्रेष्ठीजन तथा बड़ी संख्या में महाविद्यालय की विदुषियां उपस्थित थी। मुख्य संयोजक उत्तम चन्द पाटनी ने बताया कि संत सुधासागर बालिका महाविद्यालय लौकिक एवं धार्मिक प्रशिक्षण युक्त सघन शिक्षा द्वारा आर्षमार्गी आगमनिष्ठ विदुषियों को तैयार करने वाली विश्व की एक मात्र संस्था है। दर्शन बाकलीवाल एवं सुरेश कासलीवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि इन शिविरों में जैन धर्म शिक्षा भाग प्रथम एवं द्वितीय, छहढाला, द्रव्य संग्रह, इष्टोपदेश, तत्त्वार्थसूत्र, भक्तामर स्तोत्र, रत्नकरण्डक श्रावकाचार व अन्य ग्रन्थों का अध्ययन करवाया जाएगा। प्रत्येक मंदिर से प्रत्येक विषय में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले श्रावकों की पुनः परीक्षा ली जाएगी तथा उसमें प्रथम आने वाले को पण्डित रतन लाल बैनाडा की स्मृति में रत्नाकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। इन शिविरों में किताबी ज्ञान के अलावा खेल खेल में जीवनोपयोगी एवं ज्ञानवर्धक जानकारी दी जाएगी। जैन धर्म के सिद्धांत त्याग एवं संयम की भावना अनुसार श्रावकों को प्रतिदिन एक नियम एवं त्याग दिलाया जाएगा। शिविर में अल्पाहार में जमीकंद एवं अभक्ष्य वस्तुओं तथा रात्रि में अन्न की सामग्री वितरित नहीं की जाएगी। शिविरार्थियों को उत्साह वर्धन हेतु प्रतिदिन प्रभावना वितरित की जाएगी। श्री दिगम्बर जैन महासमिति महिला अंचल द्वारा शिविर जयपुर के 50 जैन मंदिरों सहित किशनगढ़, अजमेर, दूदू, ब्यावर, नसीराबाद, कुचामन, सांभर, फुलेरा, केकड़ी, भीलवाड़ा, बांसवाड़ा, उदयपुर, चित्तौड़गढ़, सवाईमाधोपुर, बूंदी, आवां, चांदखेड़ी, जोधपुर आदि स्थानों पर आयोजित किए जाएंगे। श्री दिगम्बर जैन महिला महासमिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला डोड्या ने बताया कि शिविर के लिए मंजू जैन,नीता जैन,कांता जैन,नीना गदिया, तारामणि जैन,आशा अग्रवाल, अंजना जैन,मैना जैन, रचना बाकलीवाल,किरण जैन,चंदा सेठी को संयोजक बनाया गया है। सोमवार,15 मई से 25 मई तक चलेंगे। सोमवार,15 मई को जयपुर में 50 मंदिरों में तथा जयपुर से बाहर लगभग 20 शहरों में शिविर का शुभारंभ होगा तथा 25 मई को समापन होगा।







## विदुषियां का किया सम्मान

संत सुधासागर बालिका महाविद्यालय एवं छात्रावास की विदुषियों को तिलक लगाकर , माल्यार्पण कर गणमान्य श्रेष्ठीजनों ने शिविरों में अध्ययन के लिए महाविद्यालय एवं छात्रावास भवन से जयकारों के बीच रवाना किया। इस मौके पर पूरा सभागार भगवान आदिनाथ के जयकारों तथा तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

# भारतीय जैन संघटना (बी जे एस) कोटा ने प्रतिभावान बच्चों को संबल प्रदान किया



पारस जैन पार्श्वमणि. शाबाश इंडिया

**कोटा।** भारतीय जैन संगठना कोटा चैप्टर ने प्रतिभावान बच्चों के लिए संबल योजना के तहत छात्रवृत्ति हेतु एप्लीकेशन मंगाकर, इंटरव्यू लेकर, जरूरतमंद एवं प्रतिभावान बीस बच्चों को जो आईआईटी, एमबीए, सीए, पॉलिटेक्निक कर रहे हैं एवं जो बच्चे यूपीएससी, एनडीए, आईआईटी इत्यादि कोचिंग ले रहे हैं उन बच्चों को बीजेएस संबल कमेटी द्वारा चयनित करके उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए 20 प्रतिभावान बच्चों को दो लैपटॉप एवं 50000 पचास हजार तक की छात्रवृत्ति के चेक बीजेएस संबल आयोजन कर जैन समाज के विशिष्ट अतिथियों लोकेंद्र डांगी, सुरेश हरसोरा एवं महेश सेठी ने छात्रवृत्ति के चैक प्रदान किए गए । बीजेएस अध्यक्ष राजेश बागरेचा ने अतिथियों का सम्मान किया, सचिव दिलीप जैन ने स्वागत भाषण में बीजेएस की इस अनूठी संबल योजना के बारे में जानकारी देते हुए बताया की साक्षात्कार में हमें पता लगा कि कई बच्चों ने अपने मां बाप को खो दिया है, एवं पारिवारिक स्थिति बिगड़ गई है, लेकिन बच्चों में प्रतिभा भरी हुई है। हमने बीजेएस के माध्यम से ऐसे बच्चों का चुनाव कर के उनके अध्यन में कोई रुकावट ना आए एवं आगे बढ़कर यह प्रतिभाएं हमारी समाज , हमारे देश का नाम रोशन करें । इस दौरान नीलिमा जैन ने मंच संचालन किया बच्चों की प्रतिभाओं के बारे में बताया। संबल टीम के हेड अतुल शाह ने बताया कि सभी संबल सदस्य जयेश जैन, पीसी गोधा, नरेंद्र जैन , नीलिमा जैन, राजेश बागरेचा, चित्रा बागरेचा एवं दिलीप जैन ने मिलकर सभी बच्चों के साक्षात्कार लिए एवं बच्चों की प्रतिभा, पढ़ाई, पारिवारिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए छात्रवृत्ति हेतु उचित बच्चों का चुनाव किया। बीजेएस फाउंडर श्रीमती अनीता जैन ने बीजेएस के प्रकल्पों के बारे में विस्तार से बताया। बीजेएस स्टेट उपाध्यक्ष पंकज सेठी ने जीतो खक्ळ्ड द्वारा संचालित एजुकेशन लोन पर रिबेट के बारे में बताया। राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन पार्श्वमणि कोटा ने बताया कि कार्यक्रम में महेन्द्र जैन, विजया गोधा,कामिनी शाह, निशा जैन, मनोज जैन, अरुण जैन, अमन जैन, अतुल जैन,वीरेंद्र जैन,अशोक कांता रावका,रूपचंद संतोष जैन एवं बीजेएस सदस्य उपस्थित रहे।

### नेट थिएट पर शिव महिमा की गाथा

# शिव के स्वरूपों को दर्शाया तमाशा शैली में



जयपुर. शाबाश इंडिया

नेट थिएट कार्यक्रमों की श्रंखला में आज परंपरा नाट्य समिति की ओर से तमाशा शैली पर आधारित नाटक शिव महिमा का सजीव प्रदर्शन भाया दर्शकों को। नेट थिएट के राजेंद्र शर्मा राजू ने बताया कि नाटक शिव महिमा में शिव जी के स्वरूप और पार्वती पति हर हर शंभो, ताड़क बाबा शिव के स्वरूप को शास्त्रीय रागों में तमाशा साधक दिलीप भट्ट ने बड़ी तन्मयता से प्रस्तुत किया ' कलाकार के हावभाव और अंदाज से कलाप्रेमी रोमांचित नजर आए। इस दौरान लहरिया, गणवंदना, रंगीला शंभू गोरा ले पधारो प्यारा पावणा, गणगौर गायन जैसी रचनाओं से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया ' इन रचनाओं को प्रस्तुत करते समय कलाकार ने शिव के स्वरूपों को तमाशा गायकी मैं पेश किया ' नाटक की कहानी में भगवान शिव पार्वती का रूप एक रंगीला शंभो के रूप में प्रकट होते हैं 'लोक नाट्य शैली तमाशा प्राचीन कला है। कलाकार दिलीप भट्ट के साथ तबले पर सचिन भट्ट, हारमोनियम पर शरद भट्ट और गायन पर हर्ष भट्ट ने अपनी सुरीली संगत से शिव के स्वरूपों को साकार किया। कार्यक्रम की उद्घोषणा सागर गढ़वाल ने की ' कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी,प्रकाश व कैमरा मनोज स्वामी, साउंड पर तपेश शर्मा, मंच सज्जा देवांश सोनी, पूनम चौधरी, अंकित शर्मा नोनू एवं जीवितेश शर्मा की रही।

# महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर के समर केम्प का आगाज

अमित गोधा. शाबाश इंडिया

**ब्यावर।** शहर में अल्प समय में सेवा कार्य का पर्याय बन चुकी संस्था महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर के द्वारा व्यक्तित्व विकास हेतु अरिहंत भवन में समर केम्प का आगाज आज हुआ। कोषाध्यक्ष अभिषेक नाहटा ने बताया कि संस्था द्वारा लगाए गए केम्प में सेल्फ डिफेंस - अतुल भाटी, चॉकलेट मेकिंग-भाविका वासवानी, डांस-अंजलि बाबेल एवं खुशी बिनायकिया, ड्राइंग-रुचिका जैन, मेहंदी-सलोनी भण्डारी, म्यूजिक - राजेन्द्र बाडमेरा, इंग्लिश स्पीकिंग - रीना दक, केक मेकिंग-सुमिता बाबेल, कैलीग्राफी - साक्षी वासवानी, मेक अप आर्ट - गिरिजा शर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शिविर में अब तक 200 से अधिक प्रतिभागियों द्वारा रजिस्ट्रेशन करवा जा चुका है। शिविर संयोजक पुष्पेन्द्र चौधरी, जितेन्द्र धारीवाल,दिलीप दक ने बताया कि केम्प का उद्घाटन जोन सचिव डा. तारेश जैन द्वारा भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमा के




समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जोन सचिव द्वारा संस्था द्वारा कौशल विकास हेतु समर केम्प के आयोजन हेतु सभी सदस्य को हार्दिक बधाई देते हुए प्रतिभागियों को संस्था द्वारा उपलब्ध करवाए गए अवसर का भरपूर लाभ लेने का आग्रह किया गया। अध्यक्ष अशोक पालडेचा, उपाध्यक्ष पंकज सखलेचा ने जानकारी दी कि इस अवसर पर सभी प्रशिक्षको का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। सचिव रूपेश कोठारी ने बताया कि इस मौके पर पंकज दक, राहुल बाबेल,गौतम रांका, ललित बोहरा, नरेंद्र सुराणा,प्रदीप मकाना, रवि बोहरा, मनोज रांका,अमित मेहता, पूनम मकाना, कांता पालडेचा,टीना रांका, कोमल मेहता, विजयलक्ष्मी दक,अमित बाबेल, योगेंद्र मेहता, मुकेश गांग, संदीप खींचा, अशोक रांका आदि ने अपनी सेवाए दी। संस्था द्वारा सभी प्रतिभागियों को शिक्षण संबंधी सभी सामग्री भी निः शुल्क तथा अल्पाहार भी उपलब्ध करवाया। इस अवसर पर प्रतिभागियों के परिजनों द्वारा संस्था के प्रयासों एवं उत्कृष्ट व्यवस्थाओं की भूरी भूरी प्रसंशा करते हुए ऐसे कार्यक्रमों की जरूरत बताते हुए आयोजक मंडल को साधुवाद दिया। शिविर प्रतिदिन प्रातः 8 बजे से 12 बजे तक संचालित होगा।